त्रैमासिक

# परिवर्तन

कारा सुधारात्मक पहल की साक्षी

अक्टुबर–2023 से मार्च–2024 । संयुक्तांक अंक :–19 एवं 20



गृह विभाग (कारा), बिहार अंतर्गत कारा एवं सुधार सेवाएँ नियंत्रणाधीन बिहार सुधारात्मक प्रशासनिक संस्थान, हाजीपुर (वैशाली) द्वारा प्रकाशित

त्रैमासिक
# परिवर्तन
**कारा सुधारात्मक पहल की साक्षी**

अक्टुबर–2023 से मार्च–2024 | संयुक्तांक अंक :–19 एवं 20

संरक्षक :
**श्री प्रत्यय अमृत** (भा.प्र.से.)
अपर मुख्य सचिव
गृह विभाग, बिहार।

प्रधान सम्पादक :
**श्री प्रणव कुमार** (भा.प्र.से.)
सचिव गृह–सह–महानिरीक्षक
कारा एवं सुधार सेवाएं,
बिहार, पटना।

सम्पादक :
**श्री नीरज कुमार झा**
निदेशक
बिहार सुधारात्मक प्रशासनिक संस्थान
हाजीपुर (वैशाली)

सह सम्पादक :
**डॉ. रविकान्त देव,**
उपनिदेशक, अभियोजन कोषांग,
बिहार सुधारात्मक प्रशासनिक संस्थान
हाजीपुर (वैशाली)

**श्रीमती ज्ञानिता गौरव**
उपनिदेशक
बिहार सुधारात्मक प्रशासनिक संस्थान
हाजीपुर (वैशाली)

**सुश्री अंकिता कुमारी,**
प्रोबेशन पदाधिकारी,
बिहार सुधारात्मक प्रशासनिक संस्थान
हाजीपुर (वैशाली)

सम्पादक मण्डल :
**श्री अनिल कुमार**
अधीक्षक,
बिहार सुधारात्मक प्रशासनिक संस्थान
हाजीपुर (वैशाली)

**श्री अरविन्द कुमार साह**
अधीक्षक,
बिहार सुधारात्मक प्रशासनिक संस्थान
हाजीपुर (वैशाली)

टंकण :
**श्री रमेश कुमार**
कक्षपाल

इस अंक में ..........

- संदेश
  संपादक की कलम से .................. 3
- बिहार कारा सेवा के परीक्ष्यमान काराधीक्षकों एवं कक्षपालों के प्रशिक्षण सत्र का सत्रावसान परेड। 5
- BPR&D, नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित "Accountability and Transparency in Prison Administration" विषय पर प्रशिक्षण। 10
- BPR&D, नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित "महिला सुरक्षा" एवं "De-radicalization of Prison Inmates-Religious, Caste and Extremist" विषय पर अभियोजन एवं कारा पदाधिकारियों का प्रशिक्षण। 13
- बिहार संवाद यात्रा की नजर से जल, जीवन, हरियाली का बिहार मॉडल प्रस्तुति। 17
- Consultative Workshop on Setting Up Industry विषय पर आयोजित प्रशिक्षण। 19
- प्रोन्नत अधीक्षक, उपाधीक्षक एवं नव अस्थायी प्रोन्नत सहायक अधीक्षकों का सांस्थिक प्रशिक्षण। 21
- BPR&D, नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित "महिला सुरक्षा" एवं Rehabilitation and Correctional Programmes for Prisoners" विषय पर अभियोजन, प्रोबेशन एवं कारा पदाधिकारियों का प्रशिक्षण। 23
- स्थानापन्न प्रोन्नत प्राप्त मुख्य उच्च कक्षपालों एवं उच्च कक्षपालों का सांस्थिक प्रशिक्षण। 27
- Transparency as Antidote to Corruption in Prison Administration विषय पर कारा सेवा के पदाधिकारियों के प्रशिक्षण। 28
- काराओं में कार्यरत समूह "घ" के कर्मियों का सांस्थिक प्रशिक्षण। 33
- कारा कल्याण पदाधिकारियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम / कार्यशाला का आयोजन। 34
- संस्थान में उत्कृष्ट प्रशिक्षण हेतु BICA के पदाधिकारियों का भ्रमण। 37
- गणतंत्र दिवस पर आयोजित राजकीय परेड। 40

सम्पादकीय कार्यालय :–
**बिहार सुधारात्मक प्रशासनिक संस्थान,**
हाजीपुर (वैशाली)
दूरभाष :– 06224–272116
फैक्स :– 06224–272117
ई–मेल :–director.bica@bihar.gov.in



## संपादक की कलम से .......

त्रैमासिक पत्रिका "परिवर्तन" के नवीन अंक आप सबके समक्ष प्रस्तुत करते हुए मैं अत्यन्त प्रंसन्नता का अनुभव कर रहा हूँ। पाठकों द्वारा निरंतर मिलने वाली सकारात्मक प्रतिक्रिया तथा उनके सक्रिय जुड़ाव ने यह सिद्धकर दिया है कि इस पत्रिका ने अपनी प्रस्तुति और संपादन के स्तर पर एक प्रतिमान स्थापित कर लिया है।

इस अंक में माह अक्टुबर–2023 से मार्च–2024 तक संस्थान में हुए कार्यक्रमों एवं बिहार कारा सेवा, बिहार प्रोबेशन सेवा एवं अभियोजन सेवा के पदाधिकारियों व कर्मियों लगातार क्षमतावर्धन प्रशिक्षण संबंधी गतिविधियों को रोचक रूप में प्रस्तुत किया गया है, उम्मीद है कि आप सभी को यह पंसद आयेगी।

पत्रिका के प्रधान संपादक एवं पूरी संपादक मंडल का सहृदय आभार व्यक्त करता हूँ, जिनके अथक प्रयास एवं सहयोग से इस पत्रिका का प्रकाशन संभव हो पाया है।

**शुभकामनाओं सहित।**

**नीरज कुमार झा**
निदेशक
बिहार सुधारात्मक प्रशासनिक संस्थान,
हाजीपुर (वैशाली)

# बिहार कारा सेवा के परीक्ष्यमान काराधीक्षकों एवं कक्षपालों के प्रशिक्षण सत्र का सत्रावसान परेड

दिनांक–28.12.2023 को बिहार सुधारात्मक प्रशासनिक संस्थान, हाजीपुर में बिहार कारा सेवा के 02 परीक्ष्यमान काराधीक्षकों के आधारभूत प्रशिक्षण सत्र एवं राज्य के विभिन्न काराओं के 2013 बैच के 85 (पचासी) कक्षपालों के प्रशिक्षण सत्र का सत्रावसान परेड सम्पन्न हुआ।

पासिंग आउट परेड में श्री नीरज कुमार झा, निदेशक, BICA ने परेड की सलामी ली एवं मार्च पास्ट का निरीक्षण किया। इस अवसर पर निदेशक, BICA द्वारा दोनों परीक्ष्यमान काराधीक्षकों को उनके परिजनों की उपस्थिति में Badges प्रदान किया गया तथा प्रशिक्षु कैडेटों को कर्त्तव्य निष्ठा, तत्परता एवं राष्ट्र सेवा से संबंधित शपथ दिलाया गया। श्री अरविन्द कुमार साह, परीक्ष्यमान काराधीक्षक को परेड कमांडर के लिए साथ ही श्री अनिल कुमार, काराधीक्षक, प्लाटून कमांडर, राष्ट्रीयध्वज वाहक, कारा ध्वज वाहक, उत्कृष्ट पी0टी0 व ड्रिल एवं उत्कृष्ट अनुशासन के लिए भी संबंधित प्रशिक्षुओं को मेडल प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान आयोजित बॉलीवॉल की प्रतियोगिता के विजेता एवं उपविजेता टीम को भी पुरस्कृत किया गया।



इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुये श्री नीरज कुमार झा, निदेशक, BICA ने मंचासीन सभी पदाधिकारियों, पासिंग आउट परेड में शामिल प्रशिक्षुओं के परिजनों तथा उपस्थित सभी प्रशिक्षुओं का अभिनंदन करते हुए कहा कि आज 10 माह 01 सप्ताह के प्रशिक्षणोंपरान्त दोनों काराधीक्षक एवं 2013 बैच के 85 (पचासी) कक्षपालों का 03 माह 01 सप्ताह के सांस्थिक प्रशिक्षणोंपरान्त समापन कार्यक्रम है, जिसमें प्रशिक्षु पूर्णतः प्रशिक्षित होकर आज यहाँ से अपने कर्तव्य पर जाऐंगे, उन सभी को प्रशिक्षित होने पर शुभकामनाएँ दी। उन्होंने प्रशिक्षण की रूप रेखा एवं उद्देश्यों पर चर्चा करते हुए प्रशिक्षित कक्षपालों को सहनशीलता, अनुशासन एवं समन्वय बनाये रखने के लिये प्रसन्नता व्यक्त करते हुये भावी कार्य स्थल पर निरंतरता बनाये रखते हुए अनुशासन का परिचय देने हेतु कहा। प्रशिक्षण अवधि में कक्षपालों के अनुशासित जीवनशैली को उत्कृष्ट बताते हुये कहा कि आप सभी कारा में जाने के बाद भी पी0टी0, परेड नियमित रूप से करें। उन्होंने सभी अनुदेशकों को बेहतरीन प्रशिक्षण कराने हेतु धन्यवाद किया। इस दौरान उन्होंने सत्र–समन्वयक के कार्यों की भी सराहना की। उन्होंने दोनों काराधीक्षकों एवं सभी प्रशिक्षित कक्षपालों को कहा कि आप अपने कर्तव्य पर जायें तो पूरी ऊर्जा के साथ अपने कार्य का निष्पादन करें।

इस अवसर पर संस्थान के दशरथ मांझी सभागार में तीन प्रशिक्षित कक्षपालों द्वारा प्रशिक्षण के दौरान के अनुभवों को साझा किया गया। सभागार में मंचासीन पदाधिकारियों द्वारा दोनों काराधीक्षकों एवं सभी प्रशिक्षित कक्षपालों को सर्टिफिकेट प्रदान किया गया।

# कार्यक्रम की झलकियाँ










































प्रशासनिक संस्थान हाजीपुर, वैशाली

## BPR&D, नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित "Accountability and Transparency in Prison Administration" विषय पर 05 दिवसीय प्रशिक्षण

दिनांक–31.10.2023 को बिहार सुधारात्मक प्रशासनिक संस्थान, हाजीपुर, वैशाली के प्रशासनिक भवन स्थित दशरथ मांझी सभागार (ऑडिटोरियम) में पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो BPR&D, नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित "**Accountability and Transparency in Prison Administration**" विषय पर कारा सेवा के 30 पदाधिकारियों के पाँच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि, श्री अरूण कुमार, अध्यक्ष, Real Estate Appellate Tribunal, बिहार के द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया।

स्वागत संबोधन करते हुए श्रीमती ज्ञानिता गौरव, उपनिदेशक, BICA ने कारा पदाधिकारियों हेतु BPR&D, नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित पाँच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में उपस्थित मुख्य अतिथि, श्री अरूण कुमार, अध्यक्ष, Real Estate Appellate Tribunal, बिहार तथा उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया। उन्होंने उपस्थित प्रतिभागियों के समक्ष कार्यक्रम की रूप–रेखा पर विस्तृत चर्चा की।

इस अवसर पर श्री नीरज कुमार झा, निदेशक, BICA ने BPR&D, नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि, श्री अरूण कुमार, अध्यक्ष, Real Estate Appellate Tribunal, बिहार का अतिव्यस्तम कार्यक्रम के बावजूद BICA पधारना मुख्य अतिथि का संस्थान के प्रति लगाव को परिलक्षित करता है। इस कोर्स को 15 सेशन में समाविष्ट किया गया है, जिसमें आपको ख्याति प्राप्त प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण मॉड्यूल में समाहित टॉपिक्स को प्रतिपादित करने में संस्थान के विशेष कार्य पदाधिकारी, उपनिदेशक एवं प्रोबेशन पदाधिकारी की महती भूमिका रही है, जो आपके ज्ञार्नाजन हेतु सुलभ है। उन्होंने प्रशिक्षण के विषय पर चर्चा करते हुये प्रशासन, Administration & Correction के सिद्धान्तों से प्रतिभागियों को अवगत कराया, जिससे काराओं में संसीमित बंदियों कौ लाभ मिले तथा कारा से निकलने के उपरान्त वे मुख्य धारा में जुड़ सके। उन्होंने प्रतिभागियों को प्रशिक्षण के दौरान अनुशासित रहकर प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु कहा।




इस अवसर पर मुख्य अतिथि, श्री अरूण कुमार, अध्यक्ष, Real Estate Appellate Tribunal, बिहार ने सर्वप्रथम कार्यक्रम में आमंत्रित किये जाने हेतु संस्थान का धन्यवाद किया। उन्होंने उपस्थित पदाधिकारियों तथा प्रतिभागियों को संबोधित करते हुये पाँच दिवसीय कार्यक्रम के Course Module की विशेष सराहना की। उन्होनें सत्र में लिये जाने वाले टॉपिक्स पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुये प्रतिभागियों से कहा कि आपकी काराओं में जबावदेही एवं कार्य में पारदर्शिता लाने मात्र से ही कारा में संसीमित बंदियों का सामाजिक समायोजन हेतु प्रयास करना है। अपराध की पुनरावृति समाज के लिए घातक है, इसलिए आप सभी का उद्देश्य मानव सुधार एवं कल्याण के प्रति वातावरण निर्मित करना है। ऐसे तंत्रों का विकास करना होगा जो संसीमित व्यक्तियों के मन में नकारात्मकता को उत्पन्न न करे। काराओं में आपकी महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। उन्होंने बताया कि कारा प्रशासन को सभी व्यवस्थाओं के प्रति सारगर्भित सोच रखनी चाहिए तभी आप काराओं को सुधार गृह में परिवर्तित करने में सफल हो पायेंगे। उन्होंने कहा कि मात्र बंदी हो जाने से उसके अधिकार समाप्त नहीं होते हैं, केवल उनका आना–जाना सीमित कर दिया जाता है। उन्होंने सभी काराओं में बंदियों के बीच रचनात्मक एवं सृजनात्मक कार्यक्रम आयोजित करने की आवश्यकता जताई तथा काराओं के किचन की स्थिति में सुधार की दिशा में विशेष प्रयास किये जाने हेतु कहा। उन्होंने उपस्थित प्रतिभागियों को उनके कार्य–दायित्वों का बोध कराते हुये प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया।

इस कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन करते हए श्री अभय कुमार सिंह, सहायक अभियोजन पदाधिकारी, BICA ने मुख्य अतिथि माननीय न्यायामूर्ति, श्री अरूण कुमार, अध्यक्ष, Real Estate Appellate Tribunal, बिहार को अपना बहुमूल्य समय देने के लिए धन्यवाद दिया।

# कार्यक्रम की झलकियाँ























## BPR&D, नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित ''महिला सुरक्षा'' एवं "De-radicalization of Prison Inmates-Religious, Caste and Extremist" विषय पर अभियोजन एवं कारा पदाधिकारियों का पाँच दिवसीय प्रशिक्षण

दिनांक–02.12.2023 को बिहार सुधारात्मक प्रशासनिक संस्थान, हाजीपुर, वैशाली के प्रशासनिक भवन स्थित दशरथ मांझी सभागार (ऑडिटोरियम) में पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो BPR&D, नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित ''महिला सुरक्षा'' एवं **"De-radicalization of Prison Inmates-Religious, Caste and Extremist"** विषय पर अभियोजन एवं कारा पदाधिकारियों का पाँच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका उद्‌घाटन मुख्य अतिथि, श्री शीर्षत कपिल अशोक, भा0प्र0से0, महानिरीक्षक, कारा एवं सुधार सेवाएँ, बिहार, पटना एवं श्री प्रभुनाथ सिंह, निदेशक, अभियोजन निदेशालय, बिहार, पटना के द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम में बिहार अभियोजन सेवा के 30 पदाधिकारी एवं बिहार कारा सेवा के 30 पदाधिकारी उपस्थित थे।

स्वागत संबोधन करते हुए श्री नीरज कुमार झा, निदेशक, BICA ने BPR&D, नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित दोनों पाँच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्‌घाटन सत्र में मुख्य अतिथि, श्री शीर्षत कपिल अशोक, भा0प्र0से0, महानिरीक्षक, कारा एवं सुधार सेवाएँ, बिहार, पटना का इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में आतिथ्य स्वीकार करने के प्रति हार्दिक अभिनंदन किया। उन्होंने बताया कि BPR&D, नई दिल्ली द्वारा इस वर्ष BICA को 12 कोर्स उपलब्ध कराया गया है, जो अन्य राज्यों की तुलना में सर्वाधिक है। उन्होंने दोनों कोर्सों के विषय–वस्तु एवं उक्त विषय के विशेषज्ञ द्वारा प्रशिक्षण दिये जाने के संबंध में बताया। साथ ही प्रतिभागियों से कहा कि अनुशासन के साथ–साथ पूर्ण मनोयोग से प्रशिक्षण प्राप्त करें तथा प्रशिक्षण के दौरान एवं कार्य–क्षेत्र में आने वाली कठिनाईयों की चर्चा कर उसके निष्पादन पर जानकारी प्राप्त करें।

इस अवसर पर श्री प्रभुनाथ सिंह, निदेशक, अभियोजन निदेशालय, बिहार, पटना ने उपस्थित मंचासीन पदाधिकारियों एवं प्रतिभागियों का अभिनंदन करते हुये कहा कि BPR&D, नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित पाँच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम महिला सुरक्षा तथा **"De-radicalization of Prison Inmates-Religious, Caste and Extremist"** विषय पर प्रारंभ किया जा रहा है। उन्होंने 'महिला सुरक्षा'" विषय को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया तथा कहा कि महिला सुरक्षा पर बार–बार प्रशिक्षण कराया जा रहा है तथा इस विषय पर बार–बार गाईडलाईन बदला जा रहा है, जिससे यह प्रशिक्षण कार्यक्रम वर्तमान में अत्यंत प्रासंगिक हो गया है। उन्होंने उपस्थित अभियोजन पदाधिकारियों को महिलाओं को सुरक्षित एवं संरक्षित करने के संबंध में त्वरित कार्रवाई किस प्रकार की जाए, इस संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने उपस्थित प्रतिभागियों को कई Act का उल्लेख करते हुये प्रशिक्षण के महत्व का बोध कराते हुये गंभीरतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त करने का निदेश दिया।



इस अवसर पर मुख्य अतिथि, श्री शीर्षत कपिल अशोक, भा0प्र0से0, महानिरीक्षक, कारा एवं सुधार सेवाएँ, बिहार, पटना ने BPR&D प्रायोजित दोनों प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित होने हेतु प्रतिभागियों को धन्यवाद किया। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित पदाधिकारियों तथा प्रतिभागियों को ''महिला सुरक्षा'' विषय के बारे में बताते हुये कहा कि आज के बदलते परिवेश में महिलाओं की सुरक्षा क्यों आवश्यक है?इसमें अभियोजन की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है, जिससे आपके लिये प्रशिक्षण प्राप्त करना आवश्यक हो गया है। प्रशिक्षण से आपमें सकारात्मक परिवर्तन होगा, जिससे आप महिलाओं की सुरक्षा में सुधार हेतु प्रयासरत् होंगे। कारा के प्रतिभागियों को संबोधित करते हुये उन्होंने संबंधित विषय के संबंध में जानकारी देते हुये बताया कि किस प्रकार काराओं में संसीमित बंदियों हेतु अनेक कार्यक्रम के माध्यम से कार्य संपादित किया जा रहा है। उन्होंने **De-radicalization** को रोकने के संबंध में सुधार हेतु काराओं में Technology का उपयोग, Cell का निर्माण, मनोवैज्ञानिक चिकित्सकों की उपलब्धता, काराओं में बंदियों की अत्यधिक

संख्या को देखते हुये मूलभूत सुविधाओं का विस्तार Industries की स्थापना, बंदियों को Industries के माध्यम से कार्य इत्यादि के बारे में बताते हुये उपस्थित प्रतिभागियों को जानकारी दी एवं आवश्यक निदेश दिये।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि को निदेशक, BICA द्वारा सप्रेम अंग वस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह् भेंट की गई। इस कार्यक्रम का मंच संचालन सुश्री अंकिता कुमारी, प्रोबेशन पदाधिकारी, BICA, हाजीपुर द्वारा किया गया।

इस अवसर पर श्रीमती जया लक्ष्मी शिवम्, विशेष कार्य पदाधिकारी, BICA, श्रीमती ज्ञानिता गौरव, उपनिदेशक, BICA, श्री संदीप कुमार, काराधीक्षक, श्री अमित कुमार, सहायक निदेशक, अभियोजन कोषांग, श्री अभय कुमार सिंह, सहायक अभियोजन पदाधिकारी एवं BICA हाजीपुर के सभी पदाधिकारी एवं कर्मी तथा प्रशिक्षु कक्षपाल उपस्थित थे।

## कार्यक्रम की झलकियाँ






















FIVE DAYS TRAINING ON
"WOMEN SAFETY"
FOR PROSECUTION OFFICERS



# "बिहार संवाद यात्रा की नजर से जल, जीवन, हरियाली का बिहार मॉडल प्रस्तुति"

दिनांक–26.10.2023 को बिहार सुधारात्मक प्रशासनिक संस्थान, हाजीपुर में जल के महत्व पर एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में भारत सरकार द्वारा जल प्रहरी अवार्ड से सम्मानित अतिथि साधन व्यक्ति श्री मनोहर मानव द्वारा उपस्थित प्रशिक्षु कक्षपालों को प्रशिक्षण दिया गया।

इस अवसर पर उन्होंने जल संकट की स्थिति के बारे में बताते हुये कहा कि देश के कई राज्यों यथा–गुजरात, राजस्थान, मद्रास, महाराष्ट्र तथा महाराष्ट्र के सुदूर ईलाकों में जल संकट की विकट स्थिति बनी हुई है। उन्होंने प्रशिक्षु कक्षपालों से कहा कि आप उस राज्य में हैं, जहाँ जल संकट की वैसी स्थिति नहीं है, फिर भी हमें जल संचय करना आवश्यक है। उन्होंने महाराष्ट्र के जलगांव में जल संकट की स्थिति तथा जल, जीवन, हरियाली के अन्तर्गत राजस्थान में किये जा रहे उपायों से प्रशिक्षुओं को अवगत कराया। उन्होंने देश के कई राज्यों में पानी की त्रासदी के बारे में बताते हुये कहा कि जल जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं, यह अमूल्य है। प्रकृति ने हम सभी को जल उपहार स्वरूप दिया है। उन्होंने बताया कि अगर हमनें अब भी अपनी प्रकृति का संवर्द्धन नहीं किया तो आने वाले समय में जल का संकट हमारे जीवन अर्थात् हमारे परिवार पर आने वाला है, इसलिये हमें पर्यावरण, प्रकृति, जल संरक्षण को बचाने का कार्य करना है, तभी हम आने वाली पीढ़ी को बता पाऐंगे। उन्होंने उपस्थित प्रशिक्षु कक्षपालों को प्रेजन्टेशन के माध्यम से **"बिहार संवाद यात्रा की नजर से जल, जीवन, हरियाली का बिहार मॉडल प्रस्तुति"** के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी देते हुये बताया कि कैसे बिहार राज्य और देश के साथ मिलकर जल, जीवन, हरियाली पर कार्य कर रहा है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान उन्होंने बिहार में बाढ़ एवं सूखा के कारणों पर चर्चा करते हुये कहा कि आज छोटी–छोटी नदियाँ लगभग मृतप्राय हो चुकी है। छोटी–छोटी नदियों द्वारा ही बड़ी नदियों को जल मिलता है, जिससे वो प्रवाहित होती है। उन्होंने प्रशिक्षु कक्षपालों से कहा कि आपके द्वारा काराओं में संसीमित बंदियों को भी इसके बारे में जानकारी दिया जाना चाहिये, जिससे वो भी जल, जीवन, हरियाली के बारे में जागरूक होकर स्वाबलंबन होंगे। उन्होंने राज्य सरकार द्वारा सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के सौजन्य से लोगों के अंदर जागरूकता लाने के उद्देश्य से सोलर एनर्जी, पौधशाला पोषण एवं सघन वृक्षारोपण इत्यादि कई योजनाओं एवं कार्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

इस अवसर पर प्रशिक्षण के दौरान उपस्थित कक्षपालों द्वारा कई प्रश्न किये गये, जिसका जवाब अतिथि साधन व्यक्ति श्री मनोहर मानव द्वारा दिया गया। साथ ही उनके द्वारा बताया गया कि बंदियों के बीच जाकर जल साक्षरता विषय पर भी प्रचार–प्रसार किया जाना जल संचय हेतु श्रेयस्कर होगा।

इस जल, जीवन, हरियाली विषयांकित प्रशिक्षण कार्यक्रम में अतिथि साधन व्यक्ति श्री मनोहर मानव द्वारा जल संचय हेतु एक संकल्प दिलाया गया, जिसे श्री नीरज कुमार झा, निदेशक, श्रीमती जया लक्ष्मी शिवम्, विशेष कार्य पदाधिकारी, श्री रवि कान्त देव, उपनिदेशक, अभियोजन कोषांग, श्रीमती ज्ञानिता गौरव, उपनिदेशक, श्री अमित कुमार, सहायक निदेशक, अभियोजन कोषांग, श्री अभय कुमार सिंह, सहायक अभियोजन पदाधिकारी, सुश्री अंकिता कुमारी, प्रोबेशन पदाधिकारी, श्री अमित कुमार दास, आई0टी0 प्रबंधक एवं संस्थान के सभी पदाधिकारी एवं कर्मियों द्वारा लिया गया।

इस अवसर पर श्री नीरज कुमार झा, निदेशक, BICA द्वारा अतिथि साधन व्यक्ति श्री मनोहर मानव को प्रतीक चिन्ह् प्रदान किया गया।

# कार्यक्रम की झलकियाँ











# "Consultative Workshop on Setting Up Industry" विषय पर आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम

दिनांक–06.11.2023 को बिहार सुधारात्मक प्रशासनिक संस्थान, हाजीपुर वैशाली के प्रशासनिक भवन स्थित वर्ग कक्ष–05 में भारतीय प्रबंध संस्थान, बोधगया के सहयोग से **"Consultative Workshop on Setting Up Industry" विषय पर** आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में राज्य के कारा सेवा एवं प्रोबेशन सेवा के कुल 33 (तैतीस) पदाधिकारियों/कर्मियों हेतु प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण सत्र का उद्घाटन श्री नीरज कुमार झा, निदेशक, BICA, श्रीमती जया लक्ष्मी शिवम्, विशेष कार्य पदाधिकारी, BICA एवं श्रीमती ज्ञानिता गौरव, उपनिदेशक, BICA द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया।

इस दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रथम दिन दिनांक–06.11.2023 को Theory Class BICA में एवं दिनांक–07.11.2023 को द्वितीय दिवस का Practical Training, शहीद खुदीराम बोस, केन्द्रीय कारा, मुजफ्फरपुर में निर्धारित है।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री नीरज कुमार झा, निदेशक, संस्थान ने सर्वप्रथम उपस्थित पदाधिकारियों को प्रशिक्षण में उपस्थित होने हेतु धन्यवाद दिया। उन्होंने बताया कि भारतीय प्रबंध संस्थान, बोधगया के सहयोग से **"Consultative Workshop on Setting Up Industry" विषय पर** दो दिवसीय प्रशिक्षण सत्र में प्रशिक्षण लेने हेतु आप सभी पदाधिकारी/कर्मी उपस्थित हुए हैं। इस दो दिवसीय कार्यशाला के माध्यम से आपको काराओं में उद्योगों की स्थापना, रख–रखाव एवं देख–रेख के संबंध में भारतीय प्रबंध संस्थान, बोधगया से उपस्थित गुणी एवं ख्याति प्राप्त साधन व्यक्तियों द्वारा उचित जानकारी दी जाएगी, जिन्हें अपने कार्यक्षेत्र एवं प्रशिक्षण संबंधित विषय पर अपार अनुभव प्राप्त है। आप सभी प्रतिभागी सत्र के दौरान काराओं में अधिष्ठापित उद्योग एवं उससे जुड़ी जानकारी प्राप्त करते हुये कार्य के दौरान आने वाली समस्याओं के निवारण हेतु उचित सलाह प्राप्त कर इस प्रशिक्षण की सार्थकता सिद्ध करें।

इस अवसर पर श्रीमती जया लक्ष्मी शिवम्, विशेष कार्य पदाधिकारी, BICA, श्रीमती ज्ञानिता गौरव, उपनिदेशक, BICA तथा BICA हाजीपुर के सभी पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

# कार्यक्रम की झलकियाँ











# प्रोन्नत अधीक्षक, उपाधीक्षक एवं नव अस्थायी प्रोन्नत सहायक अधीक्षकों का सांस्थिक प्रशिक्षण

आज दिनांक–27.12.2023 को बिहार सुधारात्मक प्रशासनिक संस्थान, हाजीपुर, वैशाली के प्रशासनिक भवन स्थित वर्ग कक्ष–05 (शहीद खुदी राम बोस कक्ष) में राज्य की काराओं के कुल 41 (एकतालीस) प्रोन्नत अधीक्षक, उपाधीक्षक एवं नव अस्थायी प्रोन्नत सहायक अधीक्षकों का तीन सप्ताह का सांस्थिक प्रशिक्षण सत्र का उद्घाटन सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण सत्र का उद्घाटन श्री नीरज कुमार झा, निदेशक, BICA, श्रीमती ज्ञानिता गौरव, उपनिदेशक, BICA एवं सुश्री अंकिता कुमारी, प्रोबेशन पदाधिकारी, BICA द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री नीरज कुमार झा, निदेशक, BICA ने प्रशिक्षण में उपस्थित प्रतिभागियों का अभिनंदन करते हुये कहा कि तीन सप्ताह के सांस्थिक प्रशिक्षण हेतु गहन अध्ययन करते हुये प्रशिक्षण मॉडल का क्रियान्वयन किया गया है। उन्होंने प्रशिक्षण संबंधी कोर्स मॉड्यूल, समयावधि एवं विषय पर विस्तृत चर्चा करते हुये प्रशिक्षण की रूप–रेखा को रेखांकित किया तथा बताया कि आपको कुशल साधन व्यक्ति द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने कई उदाहरण देते हुये काराओं में होने वाले समस्याओं के समाधान हेतु प्रतिभागियों को अवगत कराया। साथ ही बताया कि संस्थान का अनुशासन सर्वोपरि है, आप सभी प्रतिभागी अनुशासित रहकर इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का लाभ उठाएँ।

इस अवसर पर श्रीमती ज्ञानिता गौरव, उपनिदेशक, BICA, हाजीपुर, श्री अनिल कुमार, परीक्ष्यमान काराधीक्षक एवं श्री अरविन्द कुमार साह, परीक्ष्यमान काराधीक्षक तथा बिहार सुधारात्मक प्रशासनिक संस्थान, हाजीपुर के सभी कर्मी उपस्थित थे। कार्यक्रम में मंच संचालन सुश्री अंकिता कुमारी, प्रोबेशन पदाधिकारी, BICA, हाजीपुर द्वारा किया गया।

## कार्यक्रम की झलकियाँ















# BPR&D, नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित "महिला सुरक्षा" एवं "Rehabilitation and Correctional Programmes for Prisoners" विषय पर अभियोजन, प्रोबेशन एवं कारा पदाधिकारियों का पाँच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम

दिनांक–27.01.2024 को बिहार सुधारात्मक प्रशासनिक संस्थान, हाजीपुर, वैशाली के प्रशासनिक भवन स्थित दशरथ मांझी सभागार (ऑडिटोरियम) में पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो BPR&D, नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित "महिला सुरक्षा" एवं **"Rehabilitation and Correctional Programmes for Prisoners"** विषय पर अभियोजन, प्रोबेशन एवं कारा पदाधिकारियों का पाँच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि, श्री मनोज कुमार सिन्हा, महानिबंधक, माननीय उच्च न्यायालय, पटना के द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम में बिहार अभियोजन सेवा के 30 पदाधिकारी, बिहार प्रोबेशन सेवा के 10 पदाधिकारी, बिहार कारा सेवा के 30 पदाधिकारी, तथा अन्य राज्यों से कारा सेवा के प्रतिभागी उपस्थित थे।

सर्वप्रथम मुख्य अतिथि को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। सभागार में आगमन के पश्चात् निदेशक, BICA द्वारा मुख्य अतिथि को पौधा प्रदान कर स्वागत किया गया।

स्वागत संबोधन करते हुए श्री रवि कान्त देव, उपनिदेशक, अभियोजन कोषांग, BICA ने BPR&D, नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित दोनों पाँच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि, श्री मनोज कुमार सिन्हा, महानिबंधक, माननीय उच्च न्यायालय, पटना तथा उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए बताया कि आज एक साथ दोनों कार्यक्रमों का उद्घाटन किया जा रहा है, जिसमें आप सभी प्रतिभागी उपस्थित हैं। उन्होंने बताया कि BPR&D, नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित कुल 37 कोर्स को BICA द्वारा संपन्न कराया गया है, जो BICA की बहुत बड़ी उपलब्धि है। इस वित्तीय वर्ष में महिला सुरक्षा विषय पर 05 कोर्स एवं Prison हेतु 07 कोर्स संस्थान को दिया गया है। इसी कड़ी में आज महिला सुरक्षा के 5th वें कोर्स एवं Prison के 6th कोर्स का शुभारंभ किया जा रहा है। प्रशिक्षण संबंधी जानकारी देते हुये उन्होंनें बताया कि दोनों पाँच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षण के मूल विषयों को समाविष्ट करते हुये सभी अपेक्षित पाठ्यक्रमों का चयन किया गया है, जिसमें अपने क्षेत्र के गुणी साधन व्यक्तियों द्वारा सत्र लिया जाएगा।

इस अवसर पर श्री नीरज कुमार झा, निदेशक, BICA ने BPR&D, नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित दोनों पाँच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि, श्री मनोज कुमार सिन्हा, महानिबंधक, माननीय उच्च न्यायालय, पटना का इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में आतिथ्य स्वीकार करने के प्रति सहृदय धन्यवाद दिया तथा BICA के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुये उन्होंने संस्थान में संपन्न प्रशिक्षण/सेमिनार/वेबिनार/कार्यशाला इत्यादि आयोजित किये जाने हेतु जानकारी दी। इस अवसर पर उन्होंने गाँधी मैदान, पटना के गणतंत्र दिवस परेड में शामिल सहायक अधीक्षक एवं महिला कक्षपालों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की भी सराहना की।



इस अवसर पर मुख्य अतिथि, श्री मनोज कुमार सिन्हा, महानिबंधक, माननीय उच्च न्यायालय, पटना ने सर्वप्रथम आमंत्रित किये जाने हेतु संस्थान का धन्यवाद किया। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित पदाधिकारियों तथा प्रतिभागियों को संबोधित करते हुये "महिला सुरक्षा" एवं बंदियों के लिये पुर्नवास एवं सुधार की दिशा में चलाये जा रहे कार्यक्रमों के विषय के बारे में बताया कि केवल कानून के द्वारा व्यवस्था नहीं सुधरती, अपने–आप में सुधार कर भी परिवर्तन लाया जा सकता है। प्रतिभागियों को उन्होंने बताया कि किस प्रकार एकाग्र होकर कार्य किया जाय। साथ ही उन्होंने बताया कि

महिलाओं के विरूद्ध जो Crime हो सके त्वरित कार्रवाई किये जाने की आवश्यकता है। उन्होंने महिलाओं की सुरक्षा हेंतु सरकार द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों का जिक्र करते हुये प्रतिभागियों को इसका बोध कराया। उन्होंने बताया कि संस्थान द्वारा बहुत ही गुणी साधन व्यक्तियों द्वारा प्रशिक्षण दिलाया जा रहा है, आप सभी प्रशिक्षण के दौरान अपने प्रशिक्षक से Interact करें, एवं अपना ज्ञानवर्धन करें।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि को निदेशक, BICA द्वारा सप्रेम प्रतीक चिन्ह एवं अंग वस्त्र भेंट की गई। इस कार्यक्रम का मंच संचालन श्री अभय कुमार सिंह, अनुमंडल अभियोजन पदाधिकारी, BICA, हाजीपुर द्वारा किया गया।

इस कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन करते हुए श्रीमती ज्ञानिता गौरव, उपनिदेशक, BICA द्वारा किया गया।

## कार्यक्रम की झलकियाँ

























## स्थानापन्न प्रोन्नत प्राप्त मुख्य उच्च कक्षपालों एवं उच्च कक्षपालों का सांस्थिक प्रशिक्षण।

दिनांक–30.01.2024 को बिहार सुधारात्मक प्रशासनिक संस्थान, हाजीपुर, वैशाली में राज्य की काराओं के प्रोन्नत 30 मुख्य उच्च कक्षपालों एवं 09 उच्च कक्षपालों, कुल–39 (उनचालीस) का 02 सप्ताह का सांस्थिक प्रशिक्षण प्रारंभ हुआ।

## कार्यक्रम की झलकियाँ



प्रतिभागियों की सामुहिक तस्वीर

## "Transparency as Antidote to Corruption in Prison Administration" विषय पर कारा सेवा के पदाधिकारियों के पाँच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम

दिनांक–03.02.2024 को संस्थान में BPR&D, नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित 05 दिवसीय कार्यक्रम का उद्घाटन किया, दिनांक–07.02.2024 को उक्त कार्यक्रम का समापण किया गया। दिनांक–03.02.2024 से दिनांक–07.02.2024 तक पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो BPR&D, नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित पाँच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम "Transparency as Antidote to Corruption in Prison Administration" विषय पर राज्य के काराओं के 24 सहायक अधीक्षकों का पाँच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम **का समापन कार्यक्रम संपन्न हुआ। समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि,** श्री प्रणव कुमार, भा0प्र0से0, सचिव, गृह विभाग–सह–महानिरीक्षक, कारा एवं सुधार सेवाएँ, बिहार, पटना एवं श्री रजनीश कुमार सिंह, अपर सचिव–सह–निदेशक (प्र0), कारा एवं सुधार सेवाएँ, बिहार, पटना उपस्थित थे।

स्वागत संबोधन करते हुए श्री नीरज कुमार झा, निदेशक, BICA ने मुख्य अतिथि, श्री प्रणव कुमार, भा0प्र0से0, सचिव, गृह विभाग–सह–महानिरीक्षक, कारा एवं सुधार सेवाएँ, बिहार, पटना का इस कार्यक्रम के समापन समारोह में BICA पधारने हेतु कोटिशः धन्यवाद किया। साथ ही उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज सचिव, गृह विभाग–सह–महानिरीक्षक, कारा एवं सुधार सेवाएँ, बिहार, पटना का संस्थान में पधारना BICA के लिये बड़ा ही सुखद क्षण है। उन्होंने BICA का परिचय देते हुये कहा कि वर्ष 2017 से अब तक संस्थान में समय–समय पर प्रशिक्षण / सेमिनार / वेबिनार / कार्यशाला इत्यादि का आयोजन कराया जाता है। संस्थान द्वारा प्रोबेशन सेवा के राष्ट्रीय स्तर के भी सेमिनार का सफल आयोजन कराया है। साथ ही लगातार दो वित्तीय वर्श NIMHANS, बेंगलुरू के सौजन्य से कारा के चिकित्सकों हेतु दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया है। उन्होंने BICA की आवासीय एवं आधारभूत संरचनाओं का उल्लेख करते हुये मुख्य अतिथि को अवगत कराया। साथ ही संस्थान में कराये जा रहे सांस्थिक प्रशिक्षणों एवं BPR&D, नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने प्रतिभागियों से कहा कि पाँच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में जो बातें बताई गई हैं, आप सभी प्रतिभागी उसका अनुसरण करें, तभी आपके द्वारा प्राप्त प्रशिक्षण सफल होगा। उन्होंने बताया कि BICA अपने उद्देश्यों में सतत् प्रयत्नशील रहता है तथा आगे भी अग्रसर रहेगा।

इस अवसर पर पाँच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान प्राप्त अनुभवों को तीन प्रतिभागियों श्री रवि कुमार झा, सहायक अधीक्षक, मंडल कारा, समस्तीपुर, सुश्री शबनम प्रिया, सहायक अधीक्षक, मंडल कारा, आरा एवं श्री गौतम कुमार, सहायक अधीक्षक, विशेष केन्द्रीय कारा, भागलपुर ने अपने अनुभव को साझा किया।

इस अवसर पर श्री रजनीश कुमार सिंह, अपर सचिव–सह–निदेशक (प्र0), कारा एवं सुधार सेवाएँ, बिहार, पटना ने अतिव्यस्तम कार्यक्रम के बावजूद मुख्य अतिथि, श्री प्रणव कुमार, भा0प्र0से0, सचिव, गृह विभाग–सह– महानिरीक्षक, कारा एवं सुधार सेवाएँ, बिहार, पटना का BICA आगमन पर प्रसन्नता व्यक्त करते

हुये कहा कि आज नवप्रोन्नत मुख्य उच्च कक्षपाल एवं उच्च कक्षपाल को BICA में प्रशिक्षण हेतु धन्यवाद दिया। साथ ही उन्होंने BPR&D, नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित प्रशिक्षण में शामिल प्रतिभागियों को पाँच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में धैर्यपूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त करने पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने प्रतिभागियों को कहा कि कारा के अंदर आप रहते हैं, आप सभी तरह के अनुभव से गुजरते हैं। प्रशिक्षण प्राप्त करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्रशिक्षणोंपरान्त जब आप अपने कार्य–क्षेत्र पर जायें तो प्रशिक्षण के दौरान बताई गई बातों को निष्पादित करें, जिससे इस प्रशिक्षण का महत्त्व सिद्ध होगा।



अवसर पर मुख्य अतिथि, श्री प्रणव कुमार, भा0प्र0से0, सचिव,गृह विभाग–सह–महानिरीक्षक, कारा एवं सुधार सेवाएँ, बिहार, पटना ने सर्वप्रथम BICA के आधारभूत संरचना की सराहना करते हुये उपस्थित सभी पदाधिकारियों का अभिनंदन किया। उन्होंने उपस्थित प्रतिभागियों को बताया कि कारा सेवा सबसे प्राचीनतम सेवा के रूप में जाना जाता हैं, यह आप सभी के लिये गर्व की बात है। उनके द्वारा पाँच दिवसीय कोर्स के सेशन प्लान की सराहना करते हुए कहा कि आप प्रशिक्षण के उपरान्त अपने–अपने कार्य–स्थल पर इसे निष्पादित करेंगे। उन्होंने BICA में अन्य राज्यों की तुलना में अधिक प्रशिक्षण कराये जाने हेतु प्रसन्नता व्यक्त किया तथा प्रतिभागियों को प्रशिक्षण में दिये गये जानकारियों एवं महत्ता पर अपना Feedback देने हेतु प्रेरित किया साथ ही प्रशिक्षण के दौरान एवं प्रशिक्षण के उपरान्त स्वयं की ओर से जानकारी साझा करने हेतु कहा। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को संस्थान में प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु बधाई दी।

इस अवसर पर निदेशक, BICA द्वारा मुख्य अतिथि को शॉल एवं प्रतीक चिन्ह सप्रेम भेंट की गई। समापन सत्र के पश्चात् सभी प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि के कर–कमलों द्वारा प्रशिक्षण का प्रमाण–पत्र एवं प्रतीक चिन्ह प्रदान किया गया। मंच संचालन सुश्री अंकिता कुमारी, प्रोबेशन पदाधिकारी, BICA द्वारा किया गया।

इस कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन श्रीमती ज्ञानिता गौरव, उपनिदेशक, BICA द्वारा किया गया।

# कार्यक्रम की झलकियाँ





























## काराओं में कार्यरत समूह ''घ'' के कर्मियों का 03 दिवसीय सांस्थिक प्रशिक्षण

दिनांक–14.03.2024 से 16.03.2024 तक बिहार सुधारात्मक प्रशासनिक संस्थान, हाजीपुर, वैशाली में राज्य की **काराओं में कार्यरत समूह "घ" के कर्मियों** का 03 दिवसीय सांस्थिक प्रशिक्षण हुआ। उक्त कार्यक्रम का मूल उदेश्य इनके कार्यशैली में वृद्वि करना है। इस प्रशिक्षण के उद्घाटन में निदेशक, बिका, के साथ संस्थान के सभी पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## कार्यक्रम की झलकियाँ







# कारा कल्याण पदाधिकारियों का एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम/कार्यशाला का आयोजन

दिनांक–16.03.2024 को बिहार सुधारात्मक प्रशासनिक संस्थान, हाजीपुर वैशाली के प्रशासनिक भवन स्थित दशरथ मांझी सभागार (ऑडिटोरियम) में प्राथमिक शिक्षा निदेशालय, बिहार, पटना के सौजन्य से राज्य की काराओं के कारा कल्याण पदाधिकारियों का एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम/कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम/कार्यशाला का उद्घाटन श्री नीरज कुमार झा, निदेशक, BICA, श्रीमती ज्ञानिता गौरव, उपनिदेशक, BICA एवं सुश्री अंकिता कुमारी, प्रोबेशन पदाधिकारी, BICA सहित मंचासीन पदाधिकारियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया।

इस एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्राथमिक शिक्षा निदेशालय, बिहार, पटना से उपस्थित पदाधिकारियों ने कार्यक्रम की रूपरेखा पर प्रकाश डालते हुये कहा कि काराओं में संसीमित महिला बंदियों के बच्चों के उन्मुखीकरण हेतु प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा (ECE) द्वारा इस कार्यशाला का आयोजन किया गया है, जिसमें आप सभी कारा कल्याण पदाधिकारी उपस्थित हैं। कार्यक्रम के माध्यम से आपको काराओं में रहने वाले बच्चों के लिये प्राथमिक शिक्षा से संबंधित जानकारी दी जाएगी। साथ ही प्राथमिक शिक्षा निदेशालय द्वारा काराओं में रहने वाले बच्चों को उपलब्ध कराने हेतु FLM-TLM किट का वितरण किया जाएगा। इस अवसर पर शिक्षा विभाग के पदाधिकारियों द्वारा PPT के माध्यम से प्राथमिक शिक्षा निदेशालय द्वारा चलाये जा रहे कार्यों के संबंध में जानकारी दी गई।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री नीरज कुमार झा, निदेशक, BICA ने कहा कि आज का कार्यक्रम अत्यंत महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। काराओं में 06 वर्ष तक के बच्चे जो अपनी माँ के साथ रहते हैं। कारा में रहने के दौरान जो अपने बचपन की मूलभूत सुविधाओं को खो देते हैं, उनके चहुँमुखी विकास एवं उन्मुखीकरण हेतु शिक्षा विभाग के सौजन्य से उनके पढ़ने–पढ़ाने हेतु किस प्रकार उपाय किये जाएँगे, इस पर जानकारी दी जाएगी। उन्होंने अनेक उदाहरण के माध्यम से काराओं में रहने वाले बच्चों के हितार्थ उपस्थित कारा कल्याण पदाधिकारियों को समझाया।

इस अवसर पर राज्य की काराओं से उपस्थित कारा कल्याण पदाधिकारियों को प्राथमिक शिक्षा निदेशालय द्वारा काराओं में रहने वाले बच्चों को उपलब्ध कराने हेतु FLM-TLM किट का वितरण किया गया।

इस अवसर पर श्रीमती ज्ञानिता गौरव, उपनिदेशक, BICA द्वारा निदेशक, BICA, शिक्षा विभाग से उपस्थित पदाधिकारियों एवं उपस्थित कारा कल्याण पदाधिकारियों का धन्यवाद ज्ञापन किया गया।

# कार्यक्रम की झलकियाँ

















# संस्थान में उत्कृष्ट प्रशिक्षण हेतु BICA के पदाधिकारियों का भ्रमण

सामान्य परिषद से अनुमोदित संस्थान में उत्कृष्ट प्रशिक्षण हेतु काराओं से संबंधित शोध, कारा उद्योग में श्रेष्ठ प्रदर्शन एवं कैदियों के पुनर्वास के क्षेत्र में अध्ययन एवं Best Practices हेतु देश के प्रशिक्षण संस्थान Academy of Prisons and Correctional Adminstration (APCA), Vellore, Tamil Nadu एवं State Institute of Correctional Adminstration (SICA), Hyderabad तथा केन्द्रीय कारा, चेन्नई एवं केन्द्रीय कारा, हैदराबाद में श्रीमती जयालक्ष्मी शिवम्, OSD, BICA, श्रीमती ज्ञानिता गौरव, उपनिदेशक एवं सुश्री अंकिता कुमारी, प्रोबशन पदाधिकारी द्वारा भ्रमण किया गया।

## भ्रमण की झलकियाँ












SCHOOL BLOCK





















# गणतंत्र दिवस पर आयोजित राजकीय परेड

गणतंत्र दिवस (26 जनवरी 2024) पर आयोजित राजकीय परेड में गृह (कारा) विभाग के महिला कक्षपालों की एक टोली, जिसमें कुल–57 महिला कक्षपाल एवं 04 सहायक अधीक्षक को संस्थान द्वारा पूर्वाभ्यास करा शामिल कराया गया है।

## परेड की झलकियाँ







"अपराध से घृणा करो
अपराधी से नहीं"





प्रकाशक :

बिहार सुधारात्मक प्रशासनिक संस्थान

दिग्घी कला, समीप मंडल कारा, हाजीपुर, वैशाली – 844101 (बिहार)
दूरभाष नं. : 06224 - 272117, फैक्स नं. : 06224 - 272117
ई–मेल – hajipurbica@gmail.com,
director.bica@bihar.gov.in

बिहार सुधारात्मक प्रशासनिक संस्थान द्वारा आदेशित तथा यूनाईटेड प्रिंटर्स एण्ड सर्विस प्रोवाइडर, संदलपुर रोड, पटना–6 द्वारा मुद्रित, मो.– 9334116542